हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 25 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4 कलेक्टर मयंक ने पुसौर में विकास कार्यों के लिए किया निरीक्षण





## खबर संक्षेप



### पोर्ते महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम पौध रोपण

**घरघोड़ा।** डॉ. भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय घरघोड़ा के शासी निकाय समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार पड़ा के संरक्षण में तथा संस्था के प्राचार्य डॉ. जगदीश तिर्की के मार्गदर्शन एवं एसएल साहू कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत पौध रोपड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज पौधरोपण पूर्व कार्यक्रम अधिकारी एसएल साहू एवं कार्यक्रम सहायक दीपक सिंह ठाकुर द्वारा एन एस एस इकाई स्वयंसेवकों एवं स्टाफ के साथ मीटिंग लिया गया। बैठक में शासन द्वारा संचालित एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत सरकार की मंशानुरूप कार्य सामुदायिक सहभागिता एवं पर्यावरण जागरूकता, नशामुक्त समाज, मतदाता जागरूकता, गौरव दिवस संविधान दिवस, कारगिल विजय, महिला शशक्तिकरण, अन्य गतिविधियों में सहभागिता प्रदान करने के लिए अपील किया गया।

### स्वयंभू तालेश्वर महादेव मंदिर में पहुंच रहे भक्त

**सारंगढ़।** सारंगढ़ के समीप सरायपाली रोड में स्थित तालेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का स्वयंभू शिवलिंग है। भक्त लोग प्रतिदिन अपने दैनिक दिनचर्या में समय निकालकर भोलेनाथ का श्रृंगार करते हैं। मंदिर के बाजू स्थित ताला तालाब का पानी बेहद स्वच्छ है, जिसमें कमल के फूल पूरे तालाब में फैला हुआ है। इसी प्रकार कनेर का असंख्य पेड़ मंदिर के चारों ओर हैं। ऐसा लगता है जैसे तालाब, कमल के फूल और कनेर पेड़ मंदिर को अपने आप सजाए हुए हैं।

### पुनर्गणना के आदेश को हाईकोर्ट ने किया निरस्त

**घरघोड़ा।** उच्च न्यायालय द्वारा रायगढ़ जिले के तमनार जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत जीवरी के पंचायत चुनाव से संबंधित प्रकरण में बड़ा फैसला सुनाया गया है। प्रदेश भर में वर्ष 2025 के फरवरी माह में पंचायत चुनाव संपन्न हुए इसी क्रम तमनार जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत जीवरी में सरपंच पद हेतु चुनाव संपन्न कराया गया, जिसमें डॉक्टर प्रसाद सरपंच पद पर विजयी हुए जिसके बाद उनके निकटतम प्रतिद्वंदी मंगली बाई द्वारा अनुविभागीय अधिकारी घरघोड़ा के समक्ष निर्वाचन याचिका प्रस्तुत कर मतों की पुनर्गणना करने हेतु निर्देशित किए जाने हेतु अनुतोष मांगा। जिसके बाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा द्वारा 09 जुलाई को आदेश करते हुए मतों की पुनर्गणना करने हेतु निर्देशित किया। जिस आदेश के विरुद्ध निर्वाचित सरपंच डॉक्टर प्रसाद द्वारा अपने अधिवक्ता आशुतोष मिश्रा सत्यजीत शर्मा प्रेमलाल चौहान के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के समक्ष याचिका प्रस्तुत कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा के आदेश को निरस्त करने की मांग की।

## चौथी मैरिट लिस्ट जारी होने के बाद भी सभी कॉलोजों में 45 से 50 प्रतिशत छात्रों ने ही लिया एडमिशन

# शहर के कॉलेजों में 52 प्रतिशत सीट रह गई है खाली, 30 जुलाई अंतिम तारीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बुधवार को चौथी मैरिट लिस्ट जारी होने के बाद भी शहर के प्रमुख शासकीय कॉलेजों में 52 प्रतिशत सीट खाली रह गई है, जबकि 30 जुलाई तक एडमिशन का लास्ट डेट है। सभी कॉलेजों में 45 से 50 प्रतिशत छात्रों ने ही एडमिशन लिया है। इसके अलग-अलग कारण बताए जा रहे हैं। हालांकि अभी प्रवेश को लेकर 6 दिन शेष बचे हैं, जिससे कॉलेज प्रबंधनों को उम्मीद है कि बाकी सीटें भी भर जाएंगी, लेकिन छात्रों की रुचि को देख कर शत प्रतिशत सीट भरना संभव नहीं लग रहा है।

दरअसल शहीद नंद कुमार पटेल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कॉलेजों में फस्ट ईयर के एडमिशन की प्रक्रिया शुरू है। तीन बार मैरिट लिस्ट जारी करने के बाद गुरुवार को चौथी मैरिट लिस्ट भी जारी कर दी गई है। 30 जुलाई एडमिशन का अंतिम दिन है। गुरुवार तक की स्थिति में शहर के शासकीय कॉलेजों में 48 प्रतिशत छात्रों ने ही एडमिशन लिया था। जबकि 52 प्रतिशत सीट खाली रह गई थी। ऐसे में शेष 6 दिनों में बाकी सीट भर पाना मुश्किल नजर आ रहा है। इसका एक कारण यह भी है कि अधिकांश छात्र फार्म भरने के बाद एडमिशन लेने ही नहीं आ रहे हैं। कॉलेज प्रबंधन द्वारा छात्रों से संपर्क करने पर कुछ बिलासपुर में एडमिशन ले लेने की बात कह रहे हैं तो कोई दूर-दराज होने का हवाला देकर नजदीक के कॉलेज में एडमिशन ले लेने की बात बता रहे हैं। जिससे कॉलेजों में सीट नहीं भर पा रही है।



शहीद नंद कुमार पटेल यूनिवर्सिटी से संबद्ध सभी कॉलेजों में चौथी मैरिट लिस्ट जारी कर दी गई है, एडमिशन लेने का अंतिम दिन 30 जुलाई है। अपने कॉलेज में अब तक 58 प्रतिशत छात्रों ने एडमिशन लिया है, संभावना है कि 30 तक सीट भर जाएंगी। अगर सीट खाली रह जाती हैं तो शासन से प्रवेश की तिथि बढ़ाने की मांग की जाएगी।

**मनोरमा पांडेय**
प्रिंसिपल, डिग्री कॉलेज।

### इस बार अग्रणी कॉलेज भी चल रहा पीछे

डिग्री कॉलेज शहर का अग्रणी कॉलेज है। यहां एडमिशन लेने के लिए हर साल मारामारी लगी रहती है, क्योंकि यह कॉलेज छात्रों की पहली पसंद है, लेकिन इस साल अंतिम मैरिट लिस्ट जारी होने के बाद भी इस कॉलेज में 58 प्रतिशत ही एडमिशन हुआ है, जिससे लग रहा है कि इस साल सभी विषयों के कुछ न कुछ सीट खाली रह जाएंगे।

### आत्मानंद कॉलेज में 12 प्रतिशत ही एडमिशन

इस बार भी शहर के आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए छात्र रूचि नहीं दिखा रहे हैं। अभी तब बीए, बीएससी मैथ्स, बीकॉम जैसे विषयों के 270 सीटों के लिए मात्र 34 लोगों ने ही एडमिशन लिया है, जोकि कुछ सीट का 12 प्रतिशत है। इसका प्रमुख कारण यह है कि यहां प्रोफेसरों की कमी है। इसके अलावा यहां कैंटीन, प्लेग्राउंड, लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं भी नहीं है। जिससे छात्र यहां एडमिशन लेकर फंसना नहीं चाह रहे हैं।

### कॉलेजों में सीट और एडमिशन की स्थिति

| विषय | सीट | एडमिशन | खाली सीट |
|---|---|---|---|
| **डिग्री कॉलेज** | | | |
| बीए | 410 | 228 | 122 |
| बीएससी मैथ्स | 270 | 97 | 173 |
| बीएससी बॉयो | 465 | 306 | 159 |
| बीकॉम | 110 | 56 | 54 |
| बीसीए | 90 | 41 | 49 |
| टोटल | 1255 | 728 | 557 |
| | | 58% | 44% |
| **गर्ल्स कॉलेज** | | | |
| विषय | सीट | एडमिशन | खाली सीट |
| बीए | 265 | 146 | 119 |
| बीएससी मैथ्स | 50 | 12 | 38 |
| बीएससी बॉयो | 80 | 16 | 64 |
| बीकॉम | 190 | 92 | 98 |
| टोटल | 585 | 266 | 319 |
| | | 45% | 54% |
| **पीडी कॉलेज** | | | |
| विषय | सीट | एडमिशन | खाली सीट |
| बीए | 160 | 20 | 140 |
| बीकॉम | 240 | 149 | 91 |
| बीए एलएलबी | 60 | 43 | 17 |
| टोटल | 460 | 212 | 248 |
| | | 46% | 53% |
| **आत्मानंद कॉलेज** | | | |
| विषय | सीट | एडमिशन | खाली सीट |
| बीए | 90 | 5 | 85 |
| बीएससी मैथ्स | 120 | 11 | 109 |
| बीकॉम | 60 | 18 | 42 |
| टोटल | 270 | 34 | 236 |
| | | 12% | 87% |
| ग्रेंड टोटल | 2570 | 1240 | 1360 |
| | | 48% | 52% |

# हाथी और शावक का तांडव जारी फिर से 3 मकानों को ढहाया

**अब तक हाथियों ने 3 की जान लेने के साथ 8 मकानों को तोड़ा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ वन मंडल में मादा हाथी और शावक का तांडव जारी है। बुधवार को हाथियों ने फिर से तीन मकानों को निशाना बनाते हुए ढहा दिया है। इस तरह अब तक हाथियों द्वारा तीन लोगों की जान लेने के साथ 8 मकानों को तोड़ कर नुकसान पहुंचाया गया है।

धरमजयगढ़ वन मंडल में एक मादा हाथी अपने शावक के साथ रात के अंधेरे में गांव तक पहुंच रही है। 2 दिनों में मां और शावक ने 3 लोगों को मार डाला है। जबकि 8 घरों को तोड़ दिया। जिससे ग्रामीणों के बीच भय का माहौल बना हुआ है। बुधवार की देर रात वन विभाग की टीम अंगेकेला जंगल क्षेत्र में हाथी और उसके शावक पर नजर रख रही थी। तभी रात करीब दो बजे अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। जिससे बारिश में मादा हाथी और शावक जंगल के रास्ते आगे बढ़कर झरन होते हुए भेलवाटोली गांव पहुंच गए। जहां एक मकान के परछी की दीवार को तोड़ दिया। इस दौरान ग्रामीण घर के अंदर सोए हुए थे। जैसे ही घर तोड़ने की आवाज आई सभी चुप होकर बैठ गए। इसके बाद हाथी यहां से निकलकर आगे बांसदांड गांव में पहुंच गए। जहां दो कच्चे मकानों को तोड़ दिया, इससे कोई जनहानि नहीं हुई। इसके बाद सुबह होने से पहले हाथी वापस बासदांड जंगल की ओर चले गए।



### तीन की मौत से दहशत में हैं क्षेत्रवासी

इसी मादा हाथी और शावक ने मंगलवार की देर रात अंगेकेला में 3 साल के बच्चे, मोहनपुर में एक महिला व एक पुरूष को मौत के घाट उतार दिया था। इसके अलावा दन दोनों गावों में 5 मकानों को भी ढहा दिया था। वन अमला और हाथी मित्रदल हाथी और उसके शावक के मूवमेंट को देखते हुए लगातार आसपास के सभी गांव में मुनादी करा रहे हैं। रात में सतर्क रहने के साथ ही अकेले जंगल की ओर नहीं जाने की अपील की जा रही है।

### शावक की सुरक्षा को लेकर हो रही आक्रामक

विभागीय अधिकारियों की मानें तो मादा हाथी के साथ उसका शावक है। जब कोई अचानक सामने आ जाता है तो शावक की सुरक्षा के लिए वह अचानक आक्रामक होकर हमला कर देती है। शावक 5-6 साल का है, इसलिए वह खूब दौड़-भाग करता है।

**हरिभूमि ने शहर सरकार को किया था आगाह, फिर भी नहीं ले रहे सुध**

# जेल काम्प्लेक्स में छज्जे की दीवार भरभरा कर गिरी, टला बड़ा हादसा




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जेल काम्प्लेक्स में बुधवार की शाम बरामदे के छज्जे की दीवार भरभरा कर गिर गई। बुधवार होने की वजह से नीचे की दुकानें बंद रही और बारिश की वजह से सडक़ खाली थी तो बड़ा हादसा टल गया, वरना किसी अनहोनी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। सप्ताहभर पहले ही हरिभूमि ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए शहर सरकार को आगाह किया था। जिस पर महापौर जीवर्धन चौहान ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की बात कही थी, लेकिन उन्होंने अपने ही बातों को भूला दिया। दरअसल जेल कॉम्पसेक्स की हालत काफी जर्जर है। चार साल पहले कंसल्टेंट कंपनी से इसे डिस्मेंटल लायक बताया है। इसके बाद भी शहर सरकार व निगम प्रशासन ने उस ओर कोई ठोस प्लानिंग नहीं की है। नगर निगम प्रशासन इस अति जर्जर कॉम्प्लेक्स को ढहा कर दोबारा बनाने की योजना नहीं बना रहा और न ही यहां के दुकानदारों को कहीं दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर रहा है। जिससे यहां कभी भी कोई अनहोनी हादसा हो सकता है। बारिश की वजह से जर्जर दीवारें तथा दुकानों के भीतर प्लास्टर गिर रहे हैं। बुधवार की शाम बरामदे के छज्जे की दीवार भरभरा कर सडक़ पर गिर गई। चूंकि बुधवार होने की वजह से नीचे की दुकाने बंद थी और जिस वक्त दीवार गिरी उस वक्त तेज बारिश होने के कारण सडक़ें भी सुनी थी, इसलिए कोई अनहोनी घटना घटित नहीं हुई।

**हरिभूमि लगातार**


जर्जर हो चुके जेल कॉम्प्लेक्स की मरम्मत करें या ढहाएं, तय नहीं कर पा रही शहर सरकार

### इससे पहले भी हो चुकी है दुर्घटना

पिछले साल ही प्रथम तल का छत अचानक भरभरा कर गिर गया था, जिससे एक बड़ी अनहोनी घटना टल गई। क्योंकि जहां छत गिरा वहां नीचे गैरेज है। जिस समय यह हादसा हुआ उस समय गैरज का मालिक गैरज में ही था और वर्कर भी काम कर रहे थे, लेकिन छत का प्लास्टर उनके बीच में गिरा।

### फंड तो दूर कोई पहल तक नहीं कर रहा

24 जून 2022 को तत्कालीन कमिश्नर ने इस कॉम्प्लेक्स के जीर्णोद्धार को लेकर भिलाई की राजहंश कंसल्टेंट एंड टेक्नोक्रेट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को प्राक्कलन बनाने कहा था। तब कंपनी के वरिष्ठ अभियंता ने मौके का निरीक्षण कर मौजूदा स्थिति को देखते हुए अपनी रिपोर्ट तैयार की। जिसमें कहा गया यह इमारत के अंदर काम करने वाले लोगों के लिए खतरनाक हो सकती है। ऐसे में इस कॉम्प्लेक्स का मरम्मत करना संभव नहीं है। जिससे इस कॉम्प्लेक्स को ध्वस्त करने की सलाह दी जाती है। इसके बाद भी इस ओर न तो शहर सरकार ध्यान दे रही है और न ही निगम प्रशासन रूचि दिखा रहा है। अगर वे चाहें तो इसके लिए फंड की उपलब्धता भी हो सकती है, लेकिन कोई पहल तक नहीं कर रहा है।

कई बार दुकानदारों द्वारा काम्प्लेक्स के जीर्णोद्धार के लिए नगर निगम में गुहार लगाई गई, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। जबकि निगम के अधिकारी किराया का नोटिस देने यहां जरूर पहुंच जाते हैं।

# आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 को, निर्देश जारी

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 27 जुलाई को आबकारी आरक्षक बीए 25 भर्ती परीक्षा का आयोजन होने जा रहा है। इसको लेकर नियंत्रकए छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। डिप्टी कलेक्टर प्रवीण भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 जुलाई को होने जा रही आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का समय प्रातरू 11 बजे से लेकर अपराह्न 1.15 बजे तक है। जिसमें परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 2 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचना होगा ताकि प्रवेश के दौरान उनकी जांच फ्रिस्किन फ्रिस्किंग एवं सत्यापन कार्य किया जा सके। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रातः 10.30 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद एंट्री नहीं होगी। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में आबंटित एक पुरूष एवं एक महिला कर्मी से फ्रिस्किंग जांच का कार्य किया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मी से ही कराया जाएगा। रायगढ़ जिले में 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिले से 11 हजार 343 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा के समय परीक्षार्थियों के लिये जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थी को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े और फुटवियर के रूप में सिर्फ चप्पल पहनने के निर्देश हैं। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में कृषकों के लिए आयोजित किया गया मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण

**रायगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा कृषकों एवं कृषक महिलाओं के लिए मशरूम उत्पादन पर एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ.बीएस राजपूत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र ने कृषकों को बताया कि धान फसल के अवशेषों का उपयोग कर मशरूम उत्पादन एवं मशरूम बीज उत्पादन से कृषक अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मशरूम एक अत्यधिक लाभकारी व्यवसाय है, जिसमें कम लागत में अधिक मुनाफा अर्जित किया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रायगढ़ जिले के विभिन्न विकासखण्डों के 22 कृषक, कृषक महिलाएं एवं स्व.सहायता समूह की महिलाएं शामिल हुईं। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ.मनीषा चौधरी, वैज्ञानिक आहार एवं पोषण ने मशरूम के पोषण मूल्य एवं औषधीय महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पैरा मशरूम उत्पादन की तकनीक, आयस्टर मशरूम एवं मशरूम बीज उत्पादन के विषय में प्रायोगिक विधि के साथ.साथ वीडियो और चल.चित्र के माध्यम से जानकारी प्रदान की।

**किसानों ने की कृषि उपकरणों की पूजा, ग्राम देवताओं का जलाभिषेक**

# पारंपरिक उल्लास और गेड़ी चढ़कर मनाई गई हरेली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए रायगढ़ जिले में हरेली पर्व परंपराए श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। ग्रामीण अंचलों में बुधवार को ही पर्व की शुरुआत हो चुकी थी, वहीं जिले के कई स्थानों पर गुरुवार को विधिवत आयोजन किए गए।

बोईरदादर चौक में विशेष आयोजन के तहत ग्राम देवताओं ठाकुरदेव, मां मानकेसरी और मां समलाई का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर पूजा की गई। इस दौरान स्थानीय श्रद्धालुओं ने सामूहिक पूजा.अर्चना कर अपने परिवार की सुख.शांति व समृद्धि की कामना की। इसी तरह भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने गेड़ी चढ़कर इस पर्व को मनाया। कांग्रेस की पूर्व महापौर जानकी काटजू के मोहल्ले में भी पारंपरिक उत्सव को धूमधाम से मनाया गया। हरेली पर्व की पारंपरिक झलक उस समय देखने को मिली जब बच्चों और युवाओं ने गेड़ी चढ़कर अपनी खुशी का इजहार किया। गाजे.बाजे और पारंपरिक वेशभूषा में सजे ग्रामीणों ने इस पर्व को उत्सव का रूप दिया।



### कृषि उपकरणों की विधिवत पूजा के बाद ग्राम देवता भी पूजे गए

हरेली पर्व की सबसे खास परंपरा के तहत किसानों ने अपने कृषि औजारों जैसे कुदाली, फावड़ा, गैती और हल की विधिपूर्वक पूजा की। यह पर्व किसानों द्वारा जुताई, बोवाई और रोपाई जैसे श्रमसाध्य कार्यों के बाद विश्राम और कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। ग्रामों में सुबह से ही पूजा पाठ और पारंपरिक पकवानों की खुशबू माहौल को भक्तिमय बनाए हुए थी। वहीं शहर के कई हिस्सों में भी सामूहिक आयोजन कर लोगों ने प्रकृति और खेती किसानी के प्रति आस्था जताई।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### नदी-नालों पर होगा पुल का निर्माण, मिली स्वीकृति

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले में 12 करोड़ 87 लाख 88 हजार रुपए की



लागत के दो प्रमुख नदी-नालों में उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इनके निर्माण हो जाने से आवागमन आसान होगी। मुख्य मार्गों से पहुंच आसान होने से वर्षा ऋतु में ग्रामीणों को यातायात में हो रही परेशानियों का सामना करना नहीं पड़ेगा। क्षेत्र का विकास भी तेजी से होगा। विद्यार्थियों, व्यापरियों, किसानों और ग्रामीणों सहित सभी वर्गों को इसका लाभ होगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिन निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई हैं उनमें 07 करोड़ 35 लाख 60 हजार रूपए की लागत के जशपुर सन्ना मार्ग पर घेरडेवा नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग और 05 करोड़ 52 लाख 28 हजार रूपए की लागत बोकी से आरा मार्ग पर गिरमा नदी पर पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य शामिल है।

### कलेक्टर ने अंकिरा के तालाब का किया अवलोकन



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को फरसाबहार विकास खंड के अंकिरा के तालाब और रपटा पूल का निरीक्षण किया। और गांव वालों की समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामवासियों ने तालाब के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण की मांग की जिस पर कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद सदस्य राजकुमार सिंह और फरसाबहार एसडीएम अमित श्रीवास्तव, अन्य अधिकारीगण उपस्थित।

### रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा 27 को

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर के अंतर्गत आबकारी आरक्षक के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन 27 जुलाई 2025 को 11.00 से 1.15 बजे तक किया गया गया है। अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज से प्रवेश पत्र 21 जुलाई 2025 से डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी लगभग दो घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहें, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके।

### बाइक सहित सड़क किनारे गिरे युवक, एक की मौत

**अम्बिकापुर।** भदवा टिकरा मुख्य मार्ग पर बाइक सवार अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में गंभीर हुए एक युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई जबकि दूसरे युवक का उपचार जारी है।

# प्रदेश व देश विकास, शांति और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ता रहे : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सावन मास के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पत्नी श्रीमती कौशल्या साय के साथ गुरूवार को बगिया स्थित श्री फलेश्वरनाथ महादेव मंदिर पहुंचकर पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सुप्रसिद्ध कथा वाचिका किशोरी राजकुमारी तिवारी द्वारा किए जा रहे शिव महापुराण कथा का श्रवण भी किया।

- मुख्यमंत्री साय ने श्री फलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा सभी पर बनी रहे और हमारा देश और छत्तीसगढ़ सतत रूप से विकास, शांति और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ता रहे। उन्होंने कहा कि भगवान भोले के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। हमारी सरकार की नई उद्योग नीति से आकर्षित होकर बीते छह से आठ महीनों में लगभग साढ़े छह लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ⏭ शेष पेज 4 पर



महापुराण में फूल अर्पण करते मुख्यमंत्री साय।



पार्थिव शिवलिंग पर जल चढ़ाते मुख्यमंत्री विष्णुदेव व कौशल्या साय।

## गौ-तस्करी पर पुलिस का प्रहार

# ऑपरेशन शंखनाद में आठ गौवंश मुक्त, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में गौ-तस्करों के खिलाफ पुलिस की सख्ती लगातार जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन शंखनाद के तहत पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में आठ गौवंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है। एक मामले में तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया, जबकि दूसरे मामले में आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।



पुलिस के साथ आरोपी व बरामद गौ-वंश।

### दुलदुला में पकड़ा गया तस्कर

थाना दुलदुला पुलिस को 22 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक पिकअप वाहन जेएच 01 सीपी 2811 में गौवंश भरकर बगीचा से लोहरदगा, झारखंड ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने पतराटोली के पास नेशनल हाईवे-43 पर नाकेबंदी की और संदिग्ध वाहन को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें रस्सियों से बंधे दो गौवंश पाए गए। वाहन चालक राम महतो उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम घाटा, थाना सेनहा, जिला लोहरदगा कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। आरोपी के कब्जे से गौवंशों को मुक्त कर वाहन को जब्त किया गया। पूछताछ में राम महतो ने बताया कि वह यह कार्य शमशद कुरैशी हुसैन नामक व्यक्ति के कहने पर कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1) (क) (घ) के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

### मनोरा में जंगल से छुड़ाए गए छह गौवंश

उसी दिन चौकी मनोरा पुलिस को सूचना मिली कि दो व्यक्ति पोड़ी पटकोना के जंगल रास्ते से छह गौवंशों को हांक कर ले जा रहे हैं और उन्हें बेरहमी से पीट भी रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की, लेकिन पुलिस को देखते ही आरोपी गौवंशों को छोड़कर जंगल में फरार हो गए। मौके से छह गौवंशों को सुरक्षित बरामद किया गया और उनका पशु चिकित्सक से परीक्षण कराया गया। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी दिनेश पुरैना, प्रधान आरक्षक वीतिन राम, आरक्षक प्रीतम राम, भीखराम एवं जगजीवन यादव की अहम भूमिका रही।

### ऑपरेशन शंखनाद में अब तक 1200 गौवंश मुक्त

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि गौ-तस्करी के विरुद्ध जिला पुलिस द्वारा "ऑपरेशन शंखनाद" चलाया जा रहा है, जिसके तहत अब तक 1200 से अधिक गौवंशों को तस्करों से मुक्त कराया गया है और सैकड़ों तस्करों को जेल भेजा गया है।उन्होंने बताया कि गौवंशों की तस्करी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है और यह अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

## मोटरसाइकिल और नकद लूटने वाला आरोपी पहुंचा सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवक को गुंडागर्दी करना महंगा पड़ गया। रास्ता रोककर मारपीट करने और मोटरसाइकिल व नगदी लूटने वाले आरोपी को पुलिस ने 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी की पहचान ग्राम प्रेमनगर निवासी परमजीत सिंह 19 वर्ष के रूप में हुई है।



पुलिस की पकड़ में आरोपी।

### दोस्त से मिलकर लौट रहा था युवक

मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी कलिंदर राम 36 वर्ष निवासी बुमतेल, 21 जुलाई की रात अपने दोस्त से मिलकर डोड़काचौरा से घर लौट रहा था। रात करीब 11 बजे जब वह आम बगीचा के पास पहुंचा, तभी पहले से जान-पहचान वाला युवक परमजीत सिंह रास्ता रोककर उससे भिड़ गया। आरोपी ने पहले मारपीट की, फिर जान से मारने की धमकी देकर प्रार्थी की मोटरसाइकिल बजाज पल्सर सीजी 14- एम टी 5790 और जेब में रखे 1 हजार रुपए नगद छीन लिए। मोटरसाइकिल की कीमत करीब 40 हजार रुपए आंकी गई है।

### कड़ा रूख अपनाया जाएगा

मामले पर एसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि, मारपीट कर लूटपाट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस गुंडा तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। आगे भी इस प्रकार की घटनाओं पर कड़ा रुख अपनाया जाएगा।

### कबूला अपराध, माल बरामद

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर लूटी गई मोटरसाइकिल, 1 हजार रुपए नकद तथा घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया है।

# अंकिरा के प्राचार्य को हटाने के निर्देश



अभिभावकों की शिकायत सुनते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को फरसाबहार विकास खंड के अंकिरा प्राथमिक स्कूल और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया बच्चों के शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी ली।

- ग्रामीणों ने की थी शराब पीकर स्कूल आने की शिकायत

शिक्षकों की नियमित उपस्थिति और पुस्तक वितरण की भी जानकारी ली। इस अवसर पर एसडीएम फरसाबहार अमित श्रीवास्तव और शिक्षा विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देश दिए जो बच्चे स्कूल नहीं आते हैं उनके घर जाकर पालकों से सम्पर्क करके बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अंकिरा प्राथमिक स्कूल का मरम्मत के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंकिरा के प्रायोगिक लेब को साफ सफाई करने के निर्देश दिए हैं। बच्चों को कीट का उपयोग करके प्रयोग विधि से पढ़ाने के लिए कहा है। निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों ने कलेक्टर से अंकिरा के प्राचार्य सीएस पैंकरा की शिकायत की गई,कि प्राचार्य शराब सेवन करके आते हैं इससे बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। कलेक्टर ने लोगों की शिकायत को गंभीरता से लिया और प्राचार्य को स्कूल से हटाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्कूल की नियमित साफ सफाई जाले साफ करने के भी निर्देश दिए हैं।

# कलेक्टर ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को फरसाबहार विकास खंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंकिरा का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

- शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड और आधार कार्ड बनाने के निर्देश

कलेक्टर ने डाक्टरों और कर्मचारियों की उपस्थिति की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रतिदिन ओपीडी की पंजीयन, लेब, दवाई वितरण और संस्थागत प्रसव की जानकारी ली।

उन्होंने लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। किसी भी स्थिति में रात में मरीज आते हैं तो उनको तत्काल स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर एसडीएम फरसाबहार अमित श्रीवास्तव और मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जीएस जात्रा और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने अंकिरा में चिन्हांकित 5 कुष्ठ रोगियों का बेहतर ईलाज करने के निर्देश दिए हैं और लोगों में



अस्पताल के स्टाफ से बात करते कलेक्टर।

जन जागरूकता के माध्यम से कोई भी गंभीर बीमारी के लक्षण दिखने में डाक्टरों से सम्पर्क करने की सलाह भी दी गई है। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान आयुष्मान कार्ड की भी जानकारी ली और छुटे हुए हितग्राहियों का शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आधार कार्ड के सुधार के लिए भी शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। जिनकी मृत्यु हो चुकी उनका राशनकार्ड से नाम हटाने के निर्देश जनपद पंचायत सीईओ को दिए हैं। कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य के सेप्टिक टेक को ढकने के लिए कहा है। और छत की साफ सफाई करवाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की नियमित साफ सफाई, शौचालय की सफाई नल, बेसिन को ठीक करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने योगा शेड लगवाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि बरसात का मौसम है सर्प दंश की शिकायत आने पर तत्काल नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर ईलाज करवाने की सलाह भी दी है। पलंग पर ही सोने और मच्छरदानी का उपयोग करने के लिए कहा है।

## कार्यक्रम में 50 विद्यार्थियों ने सैटेलाइट की बारीकियां सीखीं

# स्टूडेंट सैटेलाइट ट्रेनिंग वर्कशॉप का समापन, वैज्ञानिकों ने विद्यार्थियों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिले में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों की रुचि और नवाचार क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्टूडेंट सैटेलाइट ट्रेनिंग वर्कशॉप कार्यक्रम संपन्न हुआ। शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी प्रशांत कुशवाहा और जिला शिक्षा अधिकारी पी के भटनागर के निर्देशन में यह कार्यशाला 14 जुलाई से प्रारंभ हुई थी।

कार्यशाला में जिले के 50 होनहार विद्यार्थियों को कई वैज्ञानिकों से बातचीत करने का अवसर मिला। इग्नाइटिंग ड्रीम्स ऑफ यंग माइंड्स फाउंडेशन विशेषज्ञ युवा वैज्ञानिक रत्नेश मिश्रा और शिव सिंह भदोरिया के सहयोग से किया गया है। वर्कशॉप में विद्यार्थियों को स्टूडेंट सैटेलाइट



कार्यशाला में भाग लेने वाले बच्चे।

निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया ये विषय में बताया गया। सैटेलाइट के प्रमुख भाग, लॉन्चिंग से सेटेलाइट डिप्लॉयमेंट तक की विस्तृत जानकारी दे गई। सौर पैनल, बैटरी और पावर मैनेजमेंट यूनिट,एंटीना और ट्रांससीवर, ऑनबोर्ड कंप्यूटर, सेंसर, सैटेलाइट का ढांचा, सैटेलाइट की दिशा और स्थिति नियंत्रित करने वाला सिस्टम, थर्मल कंट्रोल सिस्टम के विषय में बताया गया। सैटेलाइट का कार्य, कक्षा में स्थापना, माइक्रो सैटेलाइट एवं क्यूब सैट जैसी श्रेणियां, पृथ्वी के चारों ओर घूमने वाले उपग्रहों की गति और उनके उपयोग, सैटेलाइट डेटा का उपयोग, मौसम पूर्वानुमान, संचार, भू-मानचित्रण,प्रोटोटाइप बनाना, प्रैक्टिकल मॉडल पर कार्य करना विद्यार्थियों ने सीखा। जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी इस कार्यशाला में सम्मिलित रहे। इग्नाइटिंग ड्रीम्स ऑफ़ यंग फाउंडेशन अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अभी तक 5 लाख विद्यार्थियों को जोड चुका है, यह इसरो से रजिस्टर्ड एक ट्यूटर संस्था है, छत्तीसगढ़ में इनकी अंतरिक्ष की एक प्रयोगशाला भी है। कार्यक्रम में इग्नाइटिंग ड्रीम ऑफ़ यंग माइंड्स फाउंडेशन के प्रेम प्रकाश देवांगन और दुर्गेश कुमार का भी सहयोग रहा। यह अभिनव पहल न केवल विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में प्रेरित कर रही है, बल्कि उनके अंदर वैज्ञानिक सोच, टीमवर्क और रचनात्मकता भी विकसित कर रही है।





# सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज को पेश करेंगे अनुराग

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक अनुराग कश्यप सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज के साथ बतौर प्रस्तुतकर्ता जुड़ गए हैं। अनुराग 82वें वेनिस अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित होने वाली इस फिल्म को अपना समर्थन दे रहे हैं। निर्देशक अनुपर्णा रॉय इस फिल्म से अपनी शुरुआत कर ही हैं। उनकी पहली ही निर्देशित फिल्म 82वें वेनिस अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में वर्ल्ड प्रीमियर करने वाली एकमात्र भारतीय फिल्म है। यह महोत्सव इस साल 27 अगस्त से 6 सितंबर तक इटली के वेनिस लीडो में आयोजित होगा। मुंबई में दो प्रवासी महिलाओं के बीच बनते रिश्तों पर आधारित सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज को ओरिजोंटी सेक्शन में प्रदर्शित किया जाएगा।

लाइफ Style

# अनीत

## स्कूल में तोड़ लेती थीं अपनी आईलैशेस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मोहित सूरी की फिल्म सैयारा को लेकर इन दिनों थिएटरों से लेकर सोशल मीडिया तक पर कहर मचा हुआ है। इश्कबाजों को ट्रीट देती ये फिल्म कइयों को इमोशनल कर रही है और हर तरफ इसकी जमकर तारीफें हो रही हैं।

फिल्म में जहां अहान पांडे की एक्टिंग की तारीफ हो रही है। वहीं, उनकी हीरोइन अनीत पड्डा की सादगी के लोग कायल हुए जा रहे हैं। इन दिनों फिल्मी दुनिया में इन दोनों की फिल्म सैयारा एक फीवर की तरह साबित हो रही है। अब इस फिल्म की स्टार कास्ट अनीत के बच्चन का एक किस्सा हर किसी को हैरान कर रहा है। अनीत का एक पुराना इंटरव्यू सामने आया है, जिसमें वो बता रही हैं कि वो स्कूल में ऐसा क्या करती थीं कि मां परेशान हो गई थीं। इस इंटरव्यू में पूछा गया था कि स्कूल या कॉलेज के दिनों में क्या सबसे क्रेज़ी चीजें की थीं? अनीत ने बताया, 'मैं 9 साल की थी और मुझे देखकर मां परेशान हो गई थीं और कहती थीं- बेटा मैं तुम्हारा क्या करूं?' उन्होंने कहा- मैं अपनी पलकें तोड़कर हाथों पर रखती थी और विश मांगती थी ताकि मेरे सपने सच हो सकें।' अनीत के इस वीडियो पर लोगों ने काफी सारे कॉमेंट भी किए हैं। एक ने कहा- मुझे ये रुबीना दिलैक की कॉपी लग रहीं। वहीं, एक ने सैयारा याद कर कहा है- कितनी मस्त मूवी है, वो गोवा वाले सीन। अनीत ने हाल ही में सोशल मीडिया पर बचपन वाली अपनी तस्वीर शेयर की थी। अपनी दोस्त की शेयर की गई तस्वीर में छोटी सी अनीत गुलाबी पंखों, एक टियारा और हाथ में एक छड़ी के साथ एक सफेद पोशाक पहने माइक के सामने किसी परी सी नजर आ रही हैं।



हॉलीवुड मसाला



## दमदार आवाज ने बना दिया लाखों प्रशंसक

लॉस एंजिल्स। रॉक म्यूजिक के दिग्गज और 'प्रिंस ऑफ डार्कनेस' के नाम से मशहूर ओजी ऑस्बॉर्न के निधन की खबर ने दुनियाभर के संगीत प्रेमियों को गहरे शोक में डाल दिया है। 76 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। 'ब्लैक सब्बाथ' बैंड के साथ अपने कॅरियर की शुरुआत करने वाले ओजी ऑस्बॉर्न ने बाद में सोलो कॅरियर में भी अपार सफलता हासिल की। उनकी दमदार आवाज और मंच पर उग्र प्रदर्शन ने उन्हें लाखों प्रशंसकों का चहेता बना दिया। सिर्फ अंतरराष्ट्रीय कलाकार ही नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा की हस्तियां भी इस खबर से दुखी हैं।



## हैरी पॉटर बनने से मां बाप को था ऐतराज...

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर के नाम से घर-घर में पहचाने जाने वाले अभिनेता डेनियल रेडक्लिफ बुधवार को अपना 36वां जन्मदिन मनाया। 23 जुलाई 1989 को लंदन के हैमरस्मिथ जिले में उनका जन्म हुआ। एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मा ये लड़का आज दुनियाभर में करोड़ों लोगों के दिलों पर राज करता है। उनकी मां मार्सिया ग्रेशम पेशे से एक कास्टिंग एजेंट थीं और पिता एलन जॉर्ज रैडक्लिफ लिटरेचर की दुनिया में एक्टिव थे। बहुत कम लोग जानते हैं कि शुरुआत में उनके माता-पिता नहीं चाहते थे कि वो 'हैरी पॉटर' में कास्ट हों। इसके पीछे का कारण था फिल्म की शूटिंग की लोकेशन। शुरुआत में हैरी पॉटर के लॉस एंजिल्स में शूटिंग के चलते उनके माता-पिता झिझक रहे थे, लेकिन बाद में जब शूटिंग यूके में तय हुई, तब डेनियल को फिल्म में साइन किया गया।



## बेटियों के लिए बनाएं बेहतर दुनिया...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने मसान, गैंग्स ऑफ वासेपुर और फुकरे जैसी आइकॉनिक फिल्में की हैं। ऋचा हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखने के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि जब वह छोटी थीं तो उन्हें अपने ही घर में लिंग के आधार पर भेदभाव झेलना पड़ा था। ऋचा चड्ढा ने बताया कि कैसे उनकी नानी ने बचपन में उनसे ऐसी बातें कहीं जो तब उन्हें समझ में नहीं आई थीं। ऋचा चड्ढा ने बताया कि कैसे हम लड़कियों के लिए इस दुनिया को बेहतर बना सकते हैं और बुनियादी बदलाव करके समाज में बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। ऋचा चड्ढा ने एक बातचीत में बताया, मैं एक बच्ची थी जो अपने बेड पर कूद रही थी, मेरी नानी जो हमारे घर आई हुई थीं, उन्होंने कहा- अगर तुम इस तरह कूदती रहोगी तो कोई तुमसे शादी नहीं करेगा।



## सड़कों पर बेचता था पानी की बोतल

**मुंबई।** लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती... यह कहावत इस लड़के पर एकदम फिट बैठती है, जिसे 13 साल पहले तक कोई नहीं जानता था, और स्ट्रगल भरी एक आम जिंदगी जी रहा था। और आज यह साउथ फिल्म इंडस्ट्री के टॉप स्टार्स में शुमार है। इसने 16 करोड़ में एक ऐसी फिल्म बनाई, जिसने दुनियाभर में बजट से 25 गुना अधिक कमाई की, और रिकॉर्ड बना दिया था। कोई सोच भी नहीं सकता कि जो लड़का कभी गुजारे के लिए पानी की बोतलें बेचता था, वह आज देश के टॉप एक्टर्स में शुमार हो जाएगा। यहां बात हो रही है कांतारा के एक्टर, राइटर और डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी की। उन्होंने फिल्मों की दुनिया में स्पॉटबॉय के तौर पर एंट्री की थी, पर स्टारडम पाने में उन्हें 22 साल से भी ज्यादा लग गए।

टीवी मसाला



## एक रात की घटनाओं पर आधारित है रोंथ की कहानी

**मुंबई।** मलयालम की थ्रिलर फिल्मों के दीवाने हैं, तो आपके लिए ओटीटी पर एक नई फिल्म रिलीज हुई है। नाम है 'रोंथ', जिसकी कहानी एक रात की घटनाओं पर आधारित है। यह कहानी दो पुलिसवालों और उनकी गश्ती की है। रोंथ का मतलब है पेट्रोलिंग यानी गश्ती। एक अनुभवी सब-इंस्पेक्टर है योहन्नान और उसके साथ है एक नया पुलिस अफसर दीनानाथ। सीनियर और जूनियर की यह जोड़ी रात में शहर में गश्त पर निकलती है। इस दौरान दोनों निजी समस्याओं, नैतिक दुविधाओं और बढ़ते तनाव से जूझते हैं। संकट और अराजकता की स्थिति भी आती है, जिस कारण दोनों अधिकारियों के बीच मतभेद होते हैं। लेकिन, इस लंबी रात में दोनों को एक-दूसरे का साथ देना है। इसलिए, मतभेद के लिए कोई जगह नहीं है। दोनों को एक-दूसरे पर ही निर्भर रहना होगा। दिलीश पोथन और रोशन मैथ्यू की कमाल की एक्टिंग इसमें चार-चांद लगाती है। शाही कबीर कहते हैं, 'रोंथ लिखते समय, मैंने एक पुलिस अधिकारी के रूप में अपने समय और ड्यूटी पर सहकर्मियों के साथ अपने संबंधों से प्रेरणा ली। यह एक ऐसी दुनिया है जिसमें मैं रहा हूं, और मुझे उम्मीद है कि इन किरदारों के जरिए से दर्शकों को पुलिस प्रणाली के मानवीय और एक अधकि सच्चाई वाले पक्ष की झलक मिलेगी।'

## पहले दिन द सोसायटी में बचे 16 खिलाड़ी

**मुंबई।** मुनव्वर फारूकी का रियलिटी शो 'द सोसायटी' जियो हॉटस्टार पर 21 जुलाई को शुरू हुआ, जिसमें 25 कंटेस्टेंट्स में से पहले ही दिन केवल 16 बचे हैं। आजमा फल्लाह समेत इस शो में सोशल मीडिया पर चर्चित कई चेहरे शामिल हैं। द रॉयल्स, रेग्युलर और द रैग्स में कंटेस्टेंट्स को बांटा गया है, जो उनके प्रदर्शन और बिहेव पर डिपेंड करता है। मुनव्वर फारूकी की लॉक अप की को-कंटेस्टेंट आजमा फल्लाह भी इस रियलिटी शो का हिस्सा हैं। इसके अलावा इस शो में कई ऐसे लोग हैं जिनका सोशल मीडिया पर बड़ा नाम है। ताश के पत्ते वाले गेम में परफेक्ट 21 तक पहुंचने के केवल तीन कंटेस्टेंट्स द रॉयल्स में जगह बना पाए। ये वे लोग हैं जिन्हें टास्क में सबसे ज़्यादा फायदा होता है, लेकिन साथ ही मिसबिहेवियर के कारण नंबर गंवाने का जोखिम भी रहता है। द रॉयल्स में जो तीन खिलाड़ी के नाम आए वे हैं- भविश मदान, नूरी शा, आमिर हुसैन (जो अब रेग्युलर में जा चुके हैं)। रेग्युलर वे लोग होते हैं जिन्हें कुछ फायदे मिलते हैं।



# इन स्टारकिड्स की पहली फिल्म हुई हिट

**नई दिल्ली।** बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों अहान पांडे और अनीत पड्डा स्टारर सैयारा का जलवा देखने को मिल रहा है। फिल्म लगातार कमाई के नए-नए रिकॉर्ड बना रही है। ये अनीत पड्डा और अहान पांडे की पहली फिल्म है। अहान पांडे एक फिल्मी घराने से आते हैं। वो अभिनेता चंकी पांडे के भतीजे और अनन्या पांडे के कजिन हैं। ऐसे में इब्राहिम अली खान, राशा थडानी और शनाया कपूर जैसे स्टारकिड्स के फ्लॉप डेब्यू के बाद अब किसी स्टारकिड का एक सफल डेब्यू हुआ है। जिसकी पहली ही फिल्म ने न सिर्फ चार दिनों में सौ करोड़ का आंकड़ा पार किया, बल्कि आए दिन कई सुपरस्टार्स की फिल्मों को पीछे छोड़ रही है। वैसे सिर्फ अहान ही नहीं, कई और भी स्टारकिड्स हैं जिनकी बॉलीवुड में शुरुआत काफी धमाकेदार रही है और उनकी पहली ही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई है।

**ऋतिक रोशन** : आज बॉलीवुड के सुपरस्टार बन चुके ऋतिक रोशन ने 25 साल पहले साल 2000 में फिल्म कहो ना प्यार है से इंडस्ट्री में अपनी शुरुआत की थी। पिता राकेश रोशन द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर एक भूचाल सा ला दिया था। फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई और ऋतिक ने बॉलीवुड में ग्रैंड इंट्री की। इस फिल्म के नाम आज तक सबसे ज्यादा अवॉर्ड जीतने के रिकॉर्ड हैं और इसका नाम गिनीज बुक में भी दर्ज है।



**आलिया भट्ट** : आलिया भट्ट ने बॉलीवुड में अपने कदम साल 2012 में आई फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से की थी। करण जौहर द्वारा निर्देशित फिल्म से डेब्यू करना हर स्टार का सपना होता है। स्टूडेंट ऑफ द ईयर बॉक्स ऑफिस पर सफल रही और आलिया का डेब्यू भी बॉलीवुड में सफल रहा।

**आमिर खान** : बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान भी एक फिल्मी घराने से आते हैं। उनके पिता और चाचा दोनों ही एक्टर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर रहे हैं। आमिर ने बॉलीवुड में अपनी शुरुआत 1988 में आई फिल्म कयामत से कयामत तक से की थी। आमिर की पहली ही फिल्म सुपरहिट हुई और आमिर रातों-रात उस वक्त लड़कियों का नया क्रश बन गए थे।

**सोनाक्षी सिन्हा** : अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा का करियर बॉलीवुड में कुछ खास नहीं रहा है। हालांकि, सोनाक्षी ने अपने कॅरियर की शुरुआत सुपरस्टार सलमान खान के साथ सुपरहिट फिल्म दबंग से की थी। हालांकि, फिल्म में उनका सिर्फ एक ढंग का डायलॉग होने पर काफी ट्रोल भी किया गया था। लेकिन दबंग बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी और सोनाक्षी का बॉलीवुड में सफल डेब्यू हुआ था।

**वरुण धवन** : 1990-2000 के दशक के दिग्गज निर्देशक डेविड धवन के बेटे वरुण धवन ने भी अपने कॅरियर की शुरुआत करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से ही की थी। फिल्म हिट हुई और वरुण धवन का बॉलीवुड में एक शानदार आगाज हुआ। वरुण के काम को भी फिल्म में नोटिस किया गया था।

**जान्हवी कपूर** : श्रीदेवी और बोनी कपूर की बेटी जान्हवी कपूर की भी बॉलीवुड में शुरुआत अच्छी रही थी। उनकी पहली फिल्म धड़क ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी और फिल्म हिट की कैटेगरी में शामिल रही।

# सुशांत की तरह मुझे भी मारने की की जा रही है कोशिश : तनुश्री

**मुंबई।** तनुश्री दत्ता का सोशल मीडिया पर वीडियो देखकर सभी परेशान हो गए। एक्ट्रेस का कहना है कि उनके घर पर उनका शोषण होता है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि वह काफी परेशान हैं और बीमार भी हो गई हैं। उन्होंने मदद मांगी है सबसे, लेकिन अब एक इंटरव्यू में तनुश्री ने कहा कि उनके पीछे बॉलीवुड की स्ट्रॉन्ग फोर्स है जो उनके खिलाफ काम कर रही है और उन्हें भी सुशांत की तरह मारने की कोशिश की है। तनुश्री ने कहा, 'मैं काफी खतरे में हूं। सुशांत सिंह राजपूत की तरह, मुझे मारने की कोशिश की जा रही है। मेरी लाइफ भी अब खतरें में है। बता दें कि सुशांत का जब निधन हुआ था तब ऐसी रिपोर्ट्स आई थीं कि बॉलीवुड से उन्हें सपोर्ट नहीं मिला था।' तनुश्री ने अपना नया वीडियो भी शेयर किया है जिसमें वह कह रही हैं कि मैं सरकार से रिक्वेस्ट करती हूं कि मुझे सिक्योरिटी दी जाए। उन्हें लगता है कि उनके खिलाफ इंडस्ट्री के पावरफुल लोग हैं। वैसे फैंस कन्फ्यूज भी हो रहे हैं, क्योंकि एक तरफ वह मदद मांग रही हैं। वहीं, दूसरी तरफ उन्होंने अपना एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह कैमरे की तरफ देखकर फिर पोज दे रही हैं। खैर बीते जिन एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपना रोते हुए वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह बोलती हैं कि पिछले 4-5 साल से उनका उनके ही घर में शोषण हो रहा है। उनके घर में प्लान्ड मेड लगी थीं और उन्होंने चोरी भी की थी। उन्हें सारा काम खुद करना पड़ रहा है।



## कुछ समय से बॉक्स ऑफिस पर एक्शन और खून-खराबा वाली फिल्मों का रहा है चलन

# सैयारा ने लौटाया लव स्टोरीज का दौर? लाइन में खड़ी हैं 7 रोमांटिक फिल्में

*नई दिल्ली। सैयारा की सुपर सक्सेस ने जहां हर किसी को चौंका दिया है, वहीं एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह फिल्म बड़े पर्दे पर फिर से प्यार का मौसम लेकर आई है। दिलचस्प है कि आगे एक के बाद एक 7 नई और बड़ी रोमांटिक फिल्में रिलीज होने वाली हैं। सैयारा की सफलता ने सबको चौंका दिया है। 45 करोड़ में बनी इस फिल्म ने 5 दिनों में ही 132.25 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन कर लिया है। यह सफलता इसलिए भी दंग करती है कि यह नए कलाकारों की फिल्म है। इस रोमांटिक फिल्म की सुपर सफलता को फिल्मी दुनिया के जानकार पर्दे पर फिर से रोमांस की वापसी का इशारा बता रहे हैं। बीते कुछ समय से जहां बड़े पर्दे और बॉक्स ऑफिस पर एक्शन और खून-खराबा वाली फिल्मों का चलन रहा है। वहीं, दिलचस्प है कि आने वाले दिनों में सैयारा के बाद अब धड़क 2, परमसुंदरी और सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी समेत कई लव स्टोरीज वाली फिल्में रिलीज को तैयार हैं।*

### सनम तेरी कसम, ये जवानी है दीवानी की री-रिलीज

सैयारा की तरह ही हमने बीते दिनों साल 2016 में आई सनम तेरी कसम की री-रिलीज का असर देखा। पिछले दिनों री-रिलीज पर इस फिल्म ने 41 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर इसी तरह सबको चौंकाया था। इतना ही नहीं, इससे पहले री-रिलीज हुई ये जवानी है दीवानी ने भी 21 करोड़ का नेट बिजनेस किया। यह वह वक्त था, जब बॉक्स ऑफिस पर इमरजेंसी, देवा, आजाद और फतेह जैसी फिल्में डिजास्टर साबित हुईं। जबकि स्काई फोर्स ने जैसे-तैसे 113.62 करोड़ का कारोबार किया, पर 160 करोड़ के बजट के कारण फ्लॉप रही। साफ है, लव स्टोरीज का आकर्षण आज भी ऑडियंस को थिएटर तक खींच सकता है।




### एक दीवाने की दीवानियत, लव एंड वॉर, सुस्वागतम खुशामदीद

प्रेम कहानियों का यह रैला यही नहीं रुकता। एक दीवाने की दीवानियत में हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा मोहब्बत की हदें पार करते दिखेंगे। जबकि संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विकी कौशल की तिकड़ी से बड़ी उम्मीदें हैं। इसी तरह पुलकित सम्राट और इजाबेल कैफ (कटरीना कैफ की बहन) की सुस्वागतम खुशामदीद भी प्यार का खूबसूरत पैगाम देती नजर आएगी। इन सभी फिल्मों के लाइनअप को देखकर लगता है कि बॉलीवुड में एक बार फिर मोहब्बत से सजी लव स्टोरीज का मेला सजने को तैयार है।

### सिनेमाघरों में अब लगेगा लव स्टोरीज का मेला

सैयारा के बाद अब जल्द रिलीज होने वाली फिल्मों में धड़क 2, एक जुनूनी प्रेम कहानी का वादा करती है। इसके बाद परम सुंदरी में सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर दो अलग संस्कृतियों के प्रेमी बनेंगे, जबकि सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में वरुण धवन और जान्हवी की जोड़ी विपरीत स्वभाव वाले लवर्स की कहानी कहेगी। इसी तरह कार्तिक आर्यन और श्रीलीला की अनाम फिल्म को आशिकी का अगला अध्याय माना जा रहा है।

### एक्शन के शोर में सिनेमा से गायब हो चुका था रोमांस

हिंदी सिनेमा के सौ साल में प्रेम कहानियां हमेशा उसकी रीढ़ रही हैं। फिल्म की हैपी एंडिंग हीरो-हीरोइन के मिलने के बाद ही मानी जाती है। चाहे मुगल-ए-आज़म हो या दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, रॉकस्टार हो या हालिया सैयारा, हर दौर में दर्शकों ने लव स्टोरीज के साथ रूमानियत के सपने देखे हैं। मगर बीते कुछ वर्षों में एक्शन, रियलिस्टिक और हॉरर सिनेमा आगे रहा। जाने-माने ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श मानते हैं कि लव स्टोरीज की वापसी जरूरी थी। उनके मुताबिक, 'लव स्टोरीज के दौर का आना बेहद जरूरी है। हां, फिल्मों में प्यार का कोई न कोई एंगल होता है, मगर मैं उस हार्डकोर प्रेम कहानी की बात कर रहा हूं। बीच के कुछ साल में रोमांस मानो हिंदी सिनेमा से गायब ही हो गया था।

### नए चेहरों के लिए खुलेंगे दरवाजे

सिनेमा में नए चेहरों की लॉन्चिंग के लिए लव स्टोरीज हमेशा सबसे मुफीद मानी गई हैं। जूली, बेताब, कयामत से कयामत तक, कहो न प्यार है, मोहब्बतें, स्टूडेंट ऑफ द ईयर और बैंड बाजा बारात जैसी फिल्मों में नई जोड़ियों ने धमाकेदार एंट्री की। ट्रेड एनालिस्ट कोमल नाहटा मानते हैं, 'भले ही ये कहना मुश्किल है कि लव स्टोरीज का पूरा दौर लौटेगा।

## खबर संक्षेप

### डोकरीडीह स्कूल में कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**बिलाईगढ़।** नगर भटगांव अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत डोकरीडीह के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में जिला कलेक्टर संजय कन्नौजे ने आकस्मिक निरीक्षण किया। डोकरीडीह स्कूल में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में निरीक्षण किया गया। विगत कुछ दिनों से स्कूल में शौचालय नहीं होने को लेकर सारंगढ़ टाईम्स में समाचार प्रकाशित किया गया था। जहां एसडीएम वर्षा बंसल, सीईओ जनपद पंचायत प्रतीक प्रधान ने भी शाला का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान मिडिल स्कूल में शौचालय नहीं पाया तथा प्राथमिक शाला के शौचालय को जर्जर एवं अनुपयोगी पाया। अधिकारियों ने जल्द बालक एवं बालिका शौचालय निर्माण कराने की बात कही। जिला कलेक्टर ने जर्जर छत वाले कक्षा में बच्चो को बैठाने से मना किया। जिला कलेक्टर ने प्राथमिक एव मिडिल स्कूल के विभिन्न कक्षाओं में जाकर बच्चों को सवाल जवाब किया। बच्चों के स्तर को सुधारने हेतु शिक्षकों को निर्देशित किया। वही दैनिक हरिभूमि के समाचार पत्र में खबर छपा गया था। साथ ही शौचालय के समाचार को लेकर कलेक्टर ने शिक्षकों पर नाराजगी व्यक्त किए। अवलोकन के समय सरपंच कुंती साहू, सचिव रेखा जांगड़े, जनपद पंचायत के मनरेगा प्रभारी, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी, सब इंजीनियर, तहसीलदार, एसडीएमएसईओ सहित आला अधिकारी एवं पालक उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई

**सारंगढ़।** स्वास्थ्य विभाग की फार्मासिस्ट ग्रेड 2 और शासकीय मुद्रण एवं लेखन सामग्री छत्तीसगढ़ रायपुर के चतुर्थ श्रेणी भर्ती के लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर के वेबसाइट में ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2025 निर्धारित है। इसमें जूनियर बाइंडर पद के लिए आठवीं उत्तीर्ण और अनुभव होना चाहिए। इसी प्रकार डार्करूम असिस्टेंट, पेस्टिंग बॉय, ऑग्ज़ीलरी, इंकमन इंकर के पदों के लिए पांचवी उत्तीर्ण और अनुभव होना चाहिए। अन्य पद हमाल, सफाई कर्मचारी, चौकीदार, भृत्य, हेल्पर के लिए पांचवी उत्तीर्ण होना चाहिए। संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ के फार्मासिस्ट ग्रेड 2 पद के लिए अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता में फार्मेसी काउंसिल से पंजीकृत औषधि निर्माण फार्मेसी में डिप्लोमा और छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।

### नैनो डीएपी से प्रति एकड़ 75 रूपए का फायदा

**रायगढ़।** चालू खरीफ मौसम में खेती किसानी के लिए ठोस डीएपी खाद की कमी को पूरा करने सरकार ने वैकल्पिक खादों की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था की है। नैनो डीएपी इसका एक बेहतर विकल्प साबित हो रहा है। तरल नैनो डीएपी के उपयोग से किसानों को प्रति एकड़ धान की फसल में 75 रूपए का फायदा भी हो रहा है। राज्य सरकार के निर्देश पर प्रदेश में इफको कंपनी द्वारा 3 लाख 5 हजार बोतल से अधिक नैनो डीएपी का भंडारण कराया गया है। इसमें से डबल लॉक केंद्रों में 82 हजार 470 बोतल, प्राथमिक सहकारी कृषि साख समितियों में अब तक 1 लाख 41 हजार 389 बोतल और निजी क्षेत्र में 48 हजार बोतल तरल नैनो डीएपी भंडारित है। इफको कंपनी के पास अभी भी 33 हजार बोतल से अधिक नैनो डीएपी शेष बचा है। नैनो डीएपी की आधा लीटर की बोतल सहकारी समितियों में 600 रूपए की दर पर किसानों के लिए उपलब्ध है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार धान की एक एकड़ फसल में लगने वाली 50 किलो ठोस डीएपी खाद के स्थान पर आधी मात्रा केवल 25 किलो ठोस डीएपी और आधा लीटर की एक बोतल नैनो तरल डीएपी ही पर्याप्त होता है। एक 50 किलो की ठोस डीएपी की बोरी का रेट 1 हजार 350 रूपए है। जिसकी तुलना में नैनो डीएपी के उपयोग से किसानों को प्रति एकड़ 75 रूपए का फायदा हो रहा है। किसान 25 किलो ठोस डीएपी के साथ आधा लीटर नैनो डीएपी का उपयोग कर रहे हैं। जो कि एक बोरी ठोस डीएपी के बराबर पोषण देता है।

सात महीने से लंबित है प्रक्रिया, पालक और छात्र परेशान, प्रशासन मौन

# आत्मानंद विद्यालयों में 36 शिक्षक पदों पर भर्ती अटकी, बच्चों की पढ़ाई पर असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरमकेला

अगर किसी राष्ट्र को कमजोर करना हो तो उसकी शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर दो। छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में यह कथन हकीकत बनता नजर आ रहा है।

जिले के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी से छात्र छात्राओं की शिक्षा पर गहरा असर पड़ रहा है। स्थिति यह है कि स्कूल खुले एक महीने से ऊपर हो चुके हैं लेकिन 36 शिक्षक पद अब तक रिक्त पड़े हैं। जिले के आठ आत्मानंद विद्यालयों




सेजेस सारंगढ़, बिलाईगढ़, बरमकेला, बालपुर, सरसींवा, भटगांव, परसापाली और पवनी में जनवरी 2025 में व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षकों के कुल 36 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। लेकिन सात महीने बीत जाने के बावजूद अब तक न तो नियुक्ति हुई, न ही प्रक्रिया पूरी हो सकी। सबसे अधिक पद सारंगढ़ 6 और बिलाईगढ़ 5 में खाली हैं।

#### प्रशासन की बेरुखी से नाराज पालक और छात्र

बीते शैक्षणिक सत्र में पालकों को उम्मीद थी कि नई भर्ती से जल्द ही शिक्षकों की कमी दूर होगी। लेकिन न पहले सत्र में कुछ हुआ, न इस नए सत्र में। नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुए भी एक महीना हो चुका है लेकिन बच्चों को अब भी विषय विशेषज्ञ शिक्षक नहीं मिल पाए हैं। इससे पालकों और छात्रों में नाराजगी है।

#### कहीं भर्ती निरस्त तो नहीं

भर्ती की प्रक्रिया में लगातार हो रही देरी के चलते अब लोगों के मन में शंका घर कर रही है कि कहीं यह प्रक्रिया निरस्त तो नहीं कर दी गई। प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट सूचना नहीं मिलने के कारण अटकलें तेज हैं कि यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया है।

#### जिला शिक्षा अधिकारी ने दी सफाई

जब इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया से बात की गई तो उन्होंने कहा भर्ती प्रक्रिया निरस्त नहीं हुई है। उम्मीद है कि अगले सप्ताह इसमें कोई अपडेट आ सकता है।

## स्कूल, छात्रावास और अस्पताल में पहुंचे कलेक्टर कन्नौजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे और अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे बुधवार को बिलाईगढ़ ब्लॉक के दौरे पर रहे। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में पंजीयन, दवा वितरण, महिला व पुरुष वार्ड, प्रसव केंद्र, एक्सरे कक्ष, प्रयोगशाला, ओपीडी आदि का आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान कलेक्टर ने भर्ती मरीजों से बातचीत कर हॉस्पिटल द्वारा दी जा रही दवा, खाना और इलाज के बारे में जानकारी ली। बीएमओ ने हॉस्पिटल के बिजली वायरिंग खराब होने की जानकारी देने पर कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने जिला खनिज न्यास में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीएमएचओ डॉ एफ आर निराला सहित बीएमओ सहित अन्य डॉक्टर नर्स आदि उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने डोकरीडीह के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान वे प्राथमिक शाला के बच्चों से गिनती, पहाड़ा, अक्षर ज्ञान, वाक्य को पढ़ना आदि के बारे में पूछकर बच्चों की पढ़ाई का जायजा लिया। कलेक्टर ने वहां उपस्थिति पंजी, शिक्षकों का डेली डायरी, मध्याह्न भोजन राशन आदि का अवलोकन किया। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोकरीडीह के स्कूली बच्चों से राष्ट्रीय और छत्तीसगढ़ के बारे में सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे। इन दोनों स्कूलों के पढ़ाई में बच्चों के बेसिक शिक्षा में कमी पाए जाने पर 3 शिक्षकों के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके बाद मध्याह्न भोजन रसोइया से खाना बनाने के संबंध में कलेक्टर ने जानकारी लेकर उन्हें निर्देशित किया किए बच्चों को अच्छा खाना खिलाएं।

## सरस्वती शिशु मंदिर में पौधरोपण के साथ रचनात्मक कार्यक्रम



**चंद्रपुर।** हरेली पर्व के शुभ अवसर पर स्थानीय विद्यालय सरस्वती अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम के साथ साथ विभिन्न रचनात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, लोक संस्कृति की जागरूकता, और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर छात्रों द्वारा विद्यालय परिसर में नीम, आम, पीपल, अमरूद, गुलमोहर जैसे पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण के दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टर पर नारे लिखकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया, जैसे पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ और धरती को हरा भरा बनाएं। कार्यक्रम में विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताः छोटे बच्चों ने पेड़, फूल, फल और सब्जियों के पोशाक पहनकर मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। उनका पोशाक न केवल आकर्षक था, बल्कि उसमें पर्यावरण से जुड़ा सामाजिक संदेश भी समाहित था।

# सहजपाली पंचायत में लाखों की फर्जी बिलिंग कराए जाने का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरमकेला

- बरमकेला के ग्राम पंचायत का मामला, फर्जी बिल, फर्जी नाम और अपनों को फायदा

बरमकेला जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजपाली में सरपंच द्वारा विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सरपंच सत्य घनश्याम इजारदार पर आरोप है कि उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को वेंडर बनाकर फर्जी बिलों के माध्यम से लाखों रुपये की राशि का गबन किया है।

ग्रामवासियों का आरोप है कि सरपंच ने पंचायत फंड का उपयोग निजी स्वार्थ के लिए किया, जिससे विकास कार्य प्रभावित हुए।

आरोप है कि जिन लोगों के नाम पर



निर्माण और आपूर्ति कार्यों का भुगतान किया गया वे सभी सरपंच के रिश्तेदार या निकट संबंधी हैं। यह पूरा मामला पंचायत अधिनियम की धारा 40 ग के उल्लंघन का माना जा रहा है जिसके तहत जनप्रतिनिधि द्वारा पद का दुरुपयोग कर आर्थिक लाभ उठाने पर कठोर कार्रवाई का प्रावधान है। जनपद पंचायत बरमकेला द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए एक जांच समिति का गठन किया गया, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि जांच टीम ने न तो स्थल निरीक्षण किया और न ही पर्याप्त जानकारी जुटाई। जांच केवल कागजों तक सीमित रही और सरपंच को बचाने का प्रयास किया गया।

#### सरपंच और जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत का संदेह

ग्रामीणों का आरोप है कि भ्रष्टाचार को दबाने के लिए जनप्रतिनिधियों और पंचायत कर्मियों की मिलीभगत है। यदि इस तरह जनधन का दुरुपयोग होता रहा और जांचें केवल औपचारिकता बनकर रह गईं, तो इससे पंचायत व्यवस्था की साख पर सवाल खड़े होंगे।

#### ग्रामीणों द्वारा निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही जनपद स्तर पर निष्क्रिय रहे अधिकारियों की भूमिका की भी समीक्षा कर उन्हें जवाबदेह ठहराने की मांग की है। यदि प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो यह एक गलत मिसाल बनेगी और अन्य पंचायतों में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। जरूरत है कि शासन इस मामले में कड़ा रुख अपना और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उदाहरण प्रस्तुत करे।

#### लुकापारा पंचायत में भी ऐसे ही आरोप, कार्रवाई अधर में

सहजपाली के अलावा लुकापारा पंचायत में भी धारा 40 ग के तहत शिकायतें लंबे समय से लंबित हैं। सरपंच पर लगे आरोपों की जांच पूरी होने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी है।

## बागमुड़ा तालाब में जलकुंभियों का बढ़ता साम्राज्य

**घरघोड़ा।** जहां आस्था का जल बहता थाए वहां अब सड़ांध और चुप्पी तैर रही है। घरघोड़ा की पहचान और धार्मिक जीवन का केंद्र रहा बागमुड़ा तालाब आज बर्बादी की कगार पर है। यह वही पवित्र तालाब है जहां से नवरात्रि की कलश यात्रा आरंभ होती हैए जहां गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन होता है जहां श्रद्धा के दीप जलते थे। लेकिन आज वहां केवल जलकुंभी की हरियाली में छुपा सन्नाटा है।

पूरे तालाब में जलकुंभी का साम्राज्य स्थापित हो चुका है। पानी की सतह तक दिखना मुश्किल है। इससे न केवल धार्मिक क्रियाएं बाधित हो रही हैं, बल्कि तालाब की जल परिसंचरण प्रणाली ठप हो गई है, और मच्छरों, बीमारियों व गंध ने इलाके को घेर लिया है। स्थानीय



नागरिकों द्वारा बार बार सफाई की मांग के बावजूद नगर पंचायत घरघोड़ा ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इस चुप्पी से लोगों में आक्रोश फैल रहा है। ऐसा प्रतीत होता है मानो नगर पंचायत को ना तो जनभावनाओं की कद्र हैए ना ही परंपराओं की अहमियत का कोई सम्मान। अब सवाल जनता का क्या हमारी आस्था की इस धरोहर को ऐसे ही मरने दिया जाएगा बागमुड़ा तालाब केवल जल स्त्रोत नहीं, यह हमारी संस्कृति, परंपरा और श्रद्धा का जीवंत प्रतीक है। अगर इसे आज नहीं बचाया गया, तो आने वाली पीढ़ियों को केवल तस्वीरें ही मिलेंगी। एक स्थानीय नागरिक की भावुक प्रतिक्रिया।

# कलेक्टर मयंक ने पुसौर में विकास कार्यों के लिए किया निरीक्षण

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने रायगढ़ अनुविभाग अंतर्गत पुसौर तहसील मुख्यालय में विभिन्न निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित विकास कार्यों के स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सर्वप्रथम स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय परिसर में प्रस्तावित छह अतिरिक्त कक्षों के निर्माण हेतु स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त कक्षों के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण सुविधा उपलब्ध होगी। कलेक्टर चतुर्वेदी ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर में निर्माणाधीन लाइब्रेरी, प्रस्तावित मीटिंग हॉल और



असेंबली कक्ष के स्थलों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लाइब्रेरी निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि लाइब्रेरी के निर्माण से विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु बेहतर वातावरण मिलेगा और वे अपनी अतिरिक्त समय का सार्थक उपयोग कर सकेंगे। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बोरोडीपा से महाविद्यालय मार्ग तक निर्माण कार्य की भी जानकारी ली।

#### पुसौर में शीघ्र प्रारंभ होगा रजिस्ट्री कार्य

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने पुसौर जनपद कार्यालय परिसर में उप पंजीयक कार्यालय रजिस्ट्री कार्यालय के लिए रेनोवेट किए जा रहे भवन का भी निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यालय प्रारंभ करने से पूर्व सभी शेष निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य शीघ्र पूर्ण के निर्देश दिए। बता दें कि जनपद पंचायत परिसर में रजिस्ट्री कार्यालय हेतु भवन का नवीनीकरण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है और जल्द ही यहां रजिस्ट्री कार्य शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही स्थायी रजिस्ट्री कार्यालय के लिए पृथक स्थल का चयन भी कर लिया गया है।

## लॉयंस क्लब का रंगीला सावन मिलन समारोह का आयोजन

**रायगढ़।** सामाजिक समरसता और आपसी मेलजोल को बढ़ावा देने की दिशा में लॉयंस क्लब रायगढ़ प्राइड द्वारा 22 जुलाई को होटल ट्रिनिटी में रंगीला सावन मिलन समारोह का यादगार आयोजन किया गया। कार्यक्रम क्लब अध्यक्ष पूनम सिंह के नेतृत्व और निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसमें क्लब सदस्यों की उत्साही भागीदारी रही।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की रेखा महमिया, बटालियन एडिशनल एसपी सुरेशा चौबे एवं



पीकेएस प्रोडक्शन के डायरेक्टर पवन सिंह रहे। अतिथियों का स्वागत क्लब अध्यक्ष पूनम सिंह व सचिव डॉ. नेहा अग्रवाल ने गुलदस्ता भेंट कर किया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सावन मिलन उत्सव में सभी महिला सदस्यों ने पारंपरिक व आकर्षक परिधानों में भाग लिया। कार्यक्रम में हौजी, गेम्स, रैंप वॉक जैसी गतिविधियों ने समां बाँध दिया। पूरे आयोजन में उल्लास और सजीवता की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सावन क्वीन प्रतियोगिता रही। जिसमें सौंदर्य, प्रस्तुति और परिधानों के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया।

## सारंगढ़ में खनिज विभाग ने ली क्रेशर संचालकों की बैठक

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के स्वीकृत उत्खनिपट्टा, भण्डारण क्रशर संचालकों के साथ बैठक किया गया, जिसमें खदान एवं भण्डारण क्रशर क्षेत्र में छत्तीसगढ़ गौण खनिज 2015 एवं छत्तीसगढ़ खनिज खनन परिवहन एवं भण्डारण 2009 के नियमों एवं शर्तों का पालन किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

इसके साथ ही खनिज से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों की चर्चा की गई। इसमें विशेषकर परिवहन एवं खनिज नियमों का पालन करते हुए खनिजों का परिवहन करने के सख्त निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रभारी खनिज अधिकारी बजरंग पैकरा, फील्ड ऑफिसर



अनुराग नन्द, राजस्व निरीक्षक दीपक पटेल और क्रेशर संचालकगण उपस्थित थे।

25 हजार से अधिक राखियां और पवित्र मिट्टी सीमा पर भेजी गई

# पूर्व सैनिकों के सम्मान में ऑपरेशन सिपाही रक्षासूत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरसिया

देश के वीर सपूतों के सम्मान में खरसिया नगर आज देशभक्ति और भावनात्मक रिश्तों की मिसाल बना। हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन द्वारा आयोजित ऑपरेशन सिपाही रक्षासूत्र अभियान के तहत पूर्व सैनिकों के सम्मान में भव्य राखी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में नगर की महिलाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का आयोजन खरसिया स्थित स्पाइस ऑफ पंजाब परिसर में किया गया, जहां पूर्व सैनिक संगठन सिपाही पूर्व सैनिक महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह राणा, कोरबा के अध्यक्ष दीपक सिंह, सचिव वारिज सिंह



सहित अन्य पूर्व सैनिक रक्षासूत्र रथ लेकर पहुंचे। जैसे ही सैनिकों का नगर में आगमन हुआ, लोगों ने उनका पुष्पवर्षा और वंदन कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता और माता दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्वलन और आरती से हुई। इसके बाद उपस्थित जनों ने राष्ट्रगीत गाकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। इस आयोजन की खास बात यह रही कि खरसिया की बहनों ने सैनिकों की कलाइयों पर राखी बांधकर उन्हें भाई का दर्जा दिया और मिठाई खिलाकर अपना स्नेह प्रकट किया। सैनिकों ने भी इस प्रेम और आदर को भावुक होकर स्वीकार किया। कार्यक्रम में 25,000 से अधिक राखियों के साथ पवित्र मिट्टी को लिफाफों में भरकर सीमाओं पर तैनात सैनिकों तक पहुंचाने के लिए भेजा गया।

#### जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी हुए शामिल

मंच पर नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग, नायब तहसीलदार मोनल साय, एएसआई उदय सिंह सिदार सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के संरक्षक मनोज गोयल, अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, उपाध्यक्ष विन्नी सलूजा, निलेश अग्रवाल, लोकेश गर्ग, रजत शर्मा, राहुल डनसेना तथा महिला विंग से रीना गर्ग, राखी अग्रवाल, प्रेमलता गोयल, सोनम सलूजा भी आयोजन में सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

#### सांस्कृतिक और राष्ट्रप्रेम से परिपूर्ण रहा आयोजन

कार्यक्रम का संचालन राखी अग्रवाल ने किया। एनसीसी कैडेट्स, थाना स्टाफ एवं अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन की सदस्याएं भी बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। इस अभियान का हिस्सा बनते हुए सभी ने सैनिकों के योगदान को याद किया और देश सेवा के प्रति सम्मान व्यक्त किया। यह कार्यक्रम ऑपरेशन सिंदूरए ऑपरेशन सिपाही रक्षासूत्र, कारगिल विजय दिवस और तिरंगा यात्रा जैसे राष्ट्रीय अभियानों का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411